# पीएम मोदी 91 हजार करोड़ रुपये की 60 आईटी परियोजनाओं का करेंगे शुभारंभ

लखनऊ। आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर भी भूमि पूजन समारोह में बड़ी भूमिका निभाएगा। करीब 91 हजार करोड़ का निवेश इसी सेक्टर में होगा। 19 फरवरी को पीएम मोदी आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स की 60 मेगा परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। इनमें 91,456 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। इससे 81,424 व्यक्तियों के लिए रोजगार के अवसरों का सृजन होगा।

आईटी एवं आईटीईएस विभाग के मुताबिक बड़े निवेशों में नोएडा डाटा सेंटर पार्क भी शामिल है। जिसे एनआईडीपी डेवलपर्स 20 एकड़ जमीन पर बना रहा है। 30 हजार करोड़ की लागत से तैयार हुई ये परियोजना 2100 से ज्यादा रोजगार का सृजन करेगी। टीएआरक्यू सेमीकंडक्टर्स अपनी परियोजना यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में ला रही है। यह परियोजना 28,440 करोड़ के निवेश के साथ इंटीग्रेटेड कंपाउंड सेमीकंडक्टर्स का निर्माण और असेंबल करेगी। इस परियोजना से एक हजार लोगों को रोजगार मिलेगा।

## 81,424 व्यक्तियों के लिए खुलेंगे रोजगार के अवसर

सिफी इन्फिनिट स्पेस लिमिटेड 19,000 करोड़ की दो परियोजनाएं लगा रहा है। इनमें से एक न्यू ऐज हॉरीजेन्टल डाटा सेंटर में 11 हजार करोड़ का निवेश होगा, दूसरी परियोजना में 8,000 करोड़ का निवेश होगा। मालूम रहे कि पिछले साल फरवरी में वैश्विक निवेशक सम्मेलन में आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में 5.29 लाख करोड़ 321 निवेश प्रस्ताव आए थे। प्रत्येक विधानसभा में भूमि पूजन समारोह का सीधा प्रसारण किया जाएगा। ब्यूरो

## 10 लाख करोड़ की परियोजनाओं में से 12 फीसदी निर्माण से जुड़े

लखनऊ। उत्तर प्रदेश अब केवल 'ट्रेडिंग स्टेट' ही नहीं रह गया, बल्कि 'मैन्युफैक्चरिंग स्टेट' की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। भूमि पूजन समारोह में शामिल होने वाली 10 लाख करोड़ की परियोजनाओं में से करीब 12 फीसदी यानी 1.2 लाख करोड़ के प्रोजेक्ट निर्माण से जुड़े हैं। समारोह रीयल इस्टेट सेक्टर को भी गति देगा क्योंकि 1.90 लाख करोड़ के निवेश इस सेक्टर के हैं।


## आयुर्वेद से किडनी


जागीरसिंह

मैं जागीर सिंह, गुरु नानक कालोनी, सुलतानपुर लोधी, जिला कपूरथला पंजाब –144626 से हूँ। किडनी का बहुत इलाज करवाने के बाद भी कोई फर्क नही पड़ा पर डा.दस्सन से जब इलाज शुरु करवाया तो मात्र 20 दिनों में मेरा क्रेटेनाईन 9.4 से 1.0 पर सामान्य आ गया और अब मै ठीक हूँ । जनहित में मेरी प्रार्थणा है कि छोटे बड़े